>

Title: Need to release a commemorative postal stamp in honour of pandit Parmanand, a great freedom fighter from Bundelkhand region of Uttar Pradesh - laid.

श्री राजनारायन बुधौलिया (हमीरपुर, उ0प्र0) : अध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश के बुन्देलखंड क्षेत्र के ग्राम-सिकरोंध, तहसील-राठ, जनपद-हमीरपुर में प्रांत स्मरणीय महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय पं0 परमानन्द जी का जन्म कायस्थ परिवार में हुआ था। इन्होंने देश की आजादी में अपना जीवन समर्पित किया था। स्वतंत्रता संग्राम के संबंध में इन्होंने अनेक देशों की यात्रा की। अनेक भाषाओं का ज्ञान होने के कारण इन्हें पंडित की उपाधि से नवाजा गया तथा लगभग 40 वर्ष तक यह देश के विभिन्न जेलों में बंद रहे। 22 वर्ष तक इन्होंने काला पानी (सेल्यूलर जेल, पोर्टब्लेयर) की सजा काटी। आज भी सेल्यूलर जल में इनके नाम की पट्टिका लगी हुई है। दैनिक लाइट एवं साउंड प्रोग्राम में इन्हें प्रतिदिन याद किया जाता है। देश के प्रति इनके योगदान को देखते हुए जो स्थान एवं सम्मान इन्हें मिलना चाहिए था, वह वहां पर दिखाई नहीं देता जिससे देश की जनता में आक्रोश व्याप्त है। इनको परमानन्द झांसी वाले के नाम से जाना जाता था।

अतः सदन के माध्यम से मेरा अनुरोध है कि पं0 परमानन्द जी द्वारा देश के लिए किये गये योगदान को ताजा रखने के लिए एवं इनकी स्मृति को देशवासियों में बनाये रखने हेतु इनके नाम से डाक टिकट जारी किये जाने हेतु आवश्यक निर्देश जारी करने की कृपा करें।